विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–19 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 19(क) क्या मुख्य मंत्री बताएंगे कि जनपद–लखनऊ के गौतमपल्ली में राज्य सम्पत्ति विभाग के भवन संख्या–20 को निष्प्रयोज्य घोषित किया जा चुका है? | जी नहीं।<br>जनपद–लखनऊ में राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन गौतमपल्ली कॉलोनी स्थित आवास संख्या–20 वर्तमान में अध्यासन करने योग्य है; अतएव उक्त आवास को निष्प्रयोज्य घोषित नहीं किया गया है। |
| (ख) उक्त भवन को किन–किन विभागों की आख्या से निष्प्रयोज्य घोषित किया है? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) उक्त भवन किसके नाम से आवंटित था? | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास संख्या–20 राज्य सम्पत्ति अनुभाग–2 के कार्यालय–ज्ञाप संख्या–आई / 156543 / 2022–32–2099 / 14 / 2022, दिनांक 13 अप्रैल, 2022 द्वारा श्री अखिलेश यादव, मा0 नेता विरोधी दल, विधान सभा के पक्ष में आवण्टित किया गया है, जिसका कब्जा उनके द्वारा प्राप्त नहीं किया गया है। |
| (घ) यदि हॉ, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ङ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री।**